Manheim

Hindi | हिन्दी

# ऑनलाइन कैसे खरीदें

*कारें और हल्के वाणिज्यिक वाहन*



## ऑनलाइन रजिस्टर करें

नीलामी में बोली लगाने के लिए, आपको पहले सदस्य (मैम्बर) के रूप में रजिस्टर करना होगा। बस Manheim की वेबसाइट पर होमपेज के ऊपरी दाएं कोने में 'register (रजिस्टर)' पर क्लिक करें। अपना अकाउंट बनाने के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरें। एक बार जब आप सदस्य बन जाते हैं, तो बस अपने यूज़रनेम और पासवर्ड का प्रयोग करके लॉग इन करें। आप हमारी वेबसाइट के माध्यम से किसी भी सार्वजनिक नीलामी पर बोली लगा सकते हैं या हमारे सिमुलकास्ट (simulcast) ऐप का उपयोग कर सकते हैं (केवल सिमुलकास्ट नीलामियों के लिए)।





## ऑनलाइन बोली लगाना

**BidNow नीलामियाँ**

वाहनों को यात्री, वाणिज्यिक और प्रतिष्ठित (Passenger, Commercial and Prestige) श्रेणियों में ऑनलाइन सूचीबद्ध किया जाता है, और समापन समय पहुँच जाने तक बोलियाँ लगाई जा सकती हैं।

आप वेबसाइट पर लाइव बोली लगा सकते हैं या अपनी अधिकतम बोली जमा कर सकते हैं और हमारा सिस्टम आपकी ओर से बोली लगाएगा। यदि बोली लगाने वाले किसी अन्य व्यक्ति की बोली आपकी बोली से अधिक है, तो आपको ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा। यदि आप सफल होते हैं, तो आपको एक ईमेल प्राप्त होगा जिसमें आपके इनवॉयस का लिंक दिया गया होगा जिसका आपको भुगतान करना होगा। आप हमारी वेबसाइट पर अपने स्वयं के बॉयर (खरीदार) डैशबोर्ड के साथ अपनी सभी बोलियों, जीत और हार पर नज़र रख सकते हैं।





**अधिक जानकारी के लिए, 'ऑनलाइन कैसे खरीदें' वीडियो के लिए QR कोड स्कैन करें**

**Simulcast नीलामियाँ**

Simulcast आपको कहीं से भी लाइव नीलामीकर्ता के साथ कार्रवाई देखने और सुनने की अनुमति देता है ताकि आप वास्तविक समय में ऑनलाइन रूप से वाहनों पर बोली लगा सकें और इन्हें खरीद सकें।

वेबसाइट या Manheim Simulcast ऐप के माध्यम से, हमारे ऑनलाइन नीलामी पोर्टल, Simulcast में लॉग-इन करें। फिर उपयुक्त नीलामी का चयन करें और बोली लगाना शुरू करें। यदि आप सफल होते हैं, तो आपको ईमेल के माध्यम से पुष्टि प्राप्त होगी, यह पुष्टि इसलिए है कि आपने अपना आइटम जीत लिया है और ऑनलाइन इनवॉयस पोर्टल के माध्यम से भुगतान किए जाने की आवश्यकता है।





## भुगतान (पेमेंट) और कलेक्शन

BidNow या Simulcast नीलामी में बोली लगाने के लिए आपको रजिस्ट्रेशन के समय अपना बिलिंग विवरण प्रदान करना होगा। वाहन की सफल खरीद पर चयनित भुगतान विधि पर डिपॉज़िट (जमा राशि) अपने आप से लागू कर दी जाएगी।

बिक्री मूल्य के आधार पर डिपॉज़िट (जमा राशि) अलग-अलग होगी:

| **बिक्री मूल्य** | **डिपॉज़िट** |
| --- | --- |
| *$1 - $500* | *कोई डिपॉज़िट नहीं लिया गया* |
| *$501 - $10,000* | *$500 या 10% $1,000 तक* |
| *$10,001 और इससे अधिक* | *$1,000 डिपॉज़िट* |

जब आप किसी वस्तु को सफलतापूर्वक खरीदते हैं तो आप अपनी नोटिफिकेशन ई-मेल में प्राप्त होने वाले लिंक से हमारे Online Invoice (ऑनलाइन इनवॉयस) पोर्टल से इनवॉयसों को एक्सेस कर सकते हैं। जब आपने अपने Manheim अकाउंट में साइन इन किया होता है तो आप सीधे Online Invoice (ऑनलाइन इनवॉयस) पोर्टल को एक्सेस कर सकते हैं। आप PayPal या क्रेडिट कार्ड (शुल्क लागू होते हैं) के माध्यम से पोर्टल के भीतर अपने इनवॉयस का भुगतान कर सकते हैं या आप अपना इनवॉयस डाउनलोड कर सकते हैं और EFT या BPAY के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। आप क्रेडिट कार्ड के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से भी अपने इनवॉयस का भुगतान कर सकते हैं, हालांकि कृपया ध्यान दें कि नकद और चेक स्वीकार नहीं किए जाते हैं। आपको अपनी खरीद के अगले दिन शाम 4 बजे तक अपने इनवॉयस की शेष राशि का भुगतान करना होगा।

पोर्टल के बाहर किए गए सभी भुगतानों के लिए, कृपया भुगतान संसाधित करने के लिए 24 घंटे का समय दें। एक बार जब धनराशि प्राप्त हो जाती है और आपका इनवॉयस पूरी तरह से भुगतान हो चुके के रूप में दिखाई देता है, तो आप अपना आइटम (वाहन आदि) ले पाएँगे।



## परिवहन

Manheim वाहनों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए परिवहन की सुविधा प्रदान करने में मदद कर सकता है - जिसमें कार, मोटरबाइक, नाव, वैन, ट्रक, केरावैन और भारी औद्योगिक सामान भी शामिल हैं। परिवहन के लिए एक अनुमान प्राप्त करने हेतु, Manheim की वेबसाइट पर जाएं और होमपेज पर 'Manheim Services' के नीचे 'Transport' पर क्लिक करें। यदि आप परिवहन की व्यवस्था किए जाना चाहते हैं, तो कृपया हमारी राष्ट्रीय परिवहन टीम को 1300 087 595 पर कॉल करें।

## अन्य उपयोगी जानकारी

**वॉचलिस्ट/सेव किए गए आइटम**
यदि आपको कोई ऐसी गाड़ी दिखती है जिसमें आपकी रूचि है, तो इसे अपनी वॉचलिस्ट में सेव करें। बस vehicle details पेज के शीर्ष दाईं ओर स्थित स्टार पर क्लिक करें। आपकी सभी सेव की गई आइटम आपके डैशबोर्ड पर एक आसान स्थान पर पाई जा सकती हैं।

**खरीदार शुल्क**
गाड़ी के खरीद मूल्य के अलावा एक खरीदार शुल्क भी देय है। जब तक अन्यथा न बताया गया हो, इसमें GST शामिल होती है। अपने वाहन की श्रेणी पर लागू होने वाली फ़ीस के लिए वेबसाइट देखें।

**कंडीशन (स्थिति) से सम्बन्धित रिपोर्ट्स/ग्रेडिंग**
नीलामी में सूचीबद्ध प्रत्येक वाहन में ग्रेडिंग के साथ एक कंडीशन रिपोर्ट होती है। यह गाड़ी की आंतरिक और बाहरी सामान्य स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी प्रदान करती है। **यह मेकेनिक्ल (यांत्रिक) निरीक्षण नहीं है।**

प्रशिक्षित निरीक्षक अंतरराष्ट्रीय उद्योग मानक के अनुरूप काम करते हैं और वाहनों को 1 से 5 तक वर्गीकृत किया (ग्रेड दिया) जाता है, (1 उच्चतम/सर्वश्रेष्ठ के तौर पर), जो वाहन नीलामी में शामिल नहीं होते हैं उन्हें ग्रेड यू - अवर्गीकृत (U – unclassified) दिया जाएगा, इसका अर्थ है कि उस वाहन की आयु बहुत पुरानी है और वह बहुत अधिक किलोमीटर चल चुकी है और उसमें इतनी खराबियाँ हैं कि उन्हें सूचीबद्ध नहीं किया जा सकता।

**रिजर्व प्राइस (आरक्षित मूल्य)**
रिजर्व बिक्री मूल्य की विक्रेता की अपेक्षा होती है और इसका खुलासा नहीं किया जाता है Manheim प्रत्येक वाहन पर एक मूल्यांकन प्रदान करता है जिसका प्रयोग केवल एक गाइड के रूप में किया जा सकता है।

**नीलामी के परिणाम**
*वाहन को बेचा गया तब माना जाता है* - जब या तो नीलामीकर्ता ने हथौड़े को नीचे मार कर ऐसा दर्शाया हो या फिर समयबद्ध नीलामी समाप्त हो गई हो और रिज़र्व प्राइस (आरक्षित मूल्य) प्राप्त हो गया हो या उससे ऊपर के मूल्य की बोली लगी हो।
*संदर्भित (रेफरड)* - यह स्थिति तब होती है जब बोलियां तो प्राप्त हुई हैं लेकिन रिजर्व प्राइस (आरक्षित मूल्य) तक न पहुँची हों। यदि नीलामी के अंत में आपकी बोली सबसे अधिक है, तो आपको एक फोन कॉल आएगी जहाँ Manheim विक्रेता के साथ आपके लिए बिक्री पर बातचीत करने का प्रयास करेगा।
*पास-इन* - उस स्थिति में वाहन को पास-इन कर दिया जाता है जब उस पर कोई बोली नहीं लगी होती है। पास की गई गाड़ियों पर आगे कोई लेन-देन संबंधी बातचीत नहीं की जा सकती है।

**अपंजीकृत (गैर-रजिस्टर्ड) वाहन**
अपंजीकृत वाहन चलाना अवैध है। आप किसी भी वाहन रजिस्ट्रेशन कार्यालय और Manheim के कुछ कार्यालयों से एक अपंजीकृत (गैर-रजिस्टर्ड) वाहन परमिट प्राप्त कर सकते हैं। हमारी कंडीशन रिपोर्ट वर्तमान रजिस्ट्रेशन स्थिति को उजागर करती है। कृपया ध्यान दें कि यदि आप किसी दूसरे राज्य की रजिस्ट्रेशन वाला वाहन खरीदते हैं तो कृपया Manheim के साथ जांच कर लें क्योंकि सभी रजिस्ट्रेशन ट्रांसफर किए जाने लायक नहीं होते हैं।

**BidNow डैशबोर्ड**
आप लाइव BidNow डैशबोर्ड का उपयोग करके आपके द्वारा लगाए जाने वाली सभी बोलियों का प्रबंध एक ही स्क्रीन से कर सकते हैं। इसे वेबसाइट के सदस्य क्षेत्र (Members Area) में पाया जा सकता है। डैशबोर्ड आपको अपना खरीद इतिहास देखने की अनुमति देता है, जिसमें जीती और हारी इकाइयाँ शामिल हैं और यह भी देखें कि क्या आपकी बोली सबसे अधिक है या फिर आपकी बोली से ऊपर की बोली लगाई गई है।

**गाड़ियों**
को जांच आदि के लिए सोमवार - शुक्रवार सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे मेलबर्न, सिडनी और ब्रिस्बेन में देखा जा सकता है। अन्य स्थानों के लिए वेबसाइट देखें।

**ग्राहक सेवा**
किसी वाहन या विशिष्ट नीलामी के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए कृपया हमारी ग्राहक सेवा टीम से **1300 762 674** या **caa.customerservice@coxautoinc.com** पर संपर्क करें

**तकनीकी सहायता**
यदि आपको कोई तकनीकी कठिनाईयाँ हैं,
तो कृपया हमारी सहायता टीम से **1800 001 278**
या **caa.supportanz@coxautoinc.com** पर संपर्क करें